खेल जगत

मैं इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहना चाहता हूं। अभी तक मेरे अभ्यास सत्र बहुत अच्छे रहे हैं। मैं हमेशा ताकत और तकनीक के अलावा फिटनेस को भी पूरा महत्व देता हूं। – नीरज चोपड़ा

भारतीय एथलेटिक्स, 2024 में पहली आउटडोर प्रतियोगिताओं में भाग लेने से पहले अपने अभ्यास को लेकर।

आज का खिलाड़ी दीप्ति शर्मा

यूपी वॉरियर्स की दीप्ति शर्मा ने वुमेंस प्रीमियर लीग 2024 में उस समय इतिहास रचा जब उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में अर्धशतक जड़ने के साथ-साथ हैट्रिक भी ली। वह वुमेंस टी20 क्रिकेट के इतिहास में ऐसा कारनामा करने वाली पहली क्रिकेट बनीं है। जी हां, उनसे पहले कोई भी महिला क्रिकेटर एक टी20 मुकाबले में अर्धशतक जड़ने के साथ-साथ हैट्रिक नहीं ले पाई थी। वहीं दीप्ति डब्ल्यूपीएल के इतिहास में भी हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं हैं। यह डब्ल्यूपीएल की मात्र दूसरी हैट्रिक है।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

रणजी ट्रॉफी में सफलता के लिए 'हाई प्रोफाइल' कोच की जरूरत नहीं : रहाणे

मुंबई, 9 मार्च। मुंबई रणजी ट्राफी टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शनिवार को अपने मुख्य कोच ओंकार साल्वी की प्रशंसा के पुल बांधते हुए कहा कि सफलता दिलाने के लिए कोच का 'हाई प्रोफाइल' होना जरूरी नहीं है। रणजी ट्राफी फाइनल में प्रतिद्वंद्वी विदर्भ की टीम के कोच उस्मान गनी भी

ज्यादा मशहूर नहीं हैं। मुंबई की टीम अपना 48वां रणजी ट्राफी फाइनल खेल रही है और 80 से ज्यादा टेस्ट के अनुभवी रहाणे ने कहा कि जो कोच 'हाई प्रोफाइल' नहीं हैं, वे भी अपनी भूमिका बेहतरीन ढंग से निभा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''यह दिखाता है कि आपको टीम के लिए 'हाई प्रोफाइल' कोच रखने की जरूरत नहीं है। आप 'लो प्रोफाइल' (कम मशहूर) रहकर भी अपना काम कर सकते हो और प्रत्येक खिलाड़ी से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करा सकते हो। ओंकार ने वास्तव में अच्छा काम किया है। उन्हें उतना अनुभव है।'' इस 35 साल के खिलाड़ी ने कहा, ''वह (साल्वी) पहले भी मुंबई टीम के साथ थे लेकिन अलग भूमिका (गेंदबाजी कोच) में थे। लेकिन अब वह मुख्य कोच हैं, उनकी यात्रा मई के अंत में या पिछले साल जून के अंत में शुरू हुई। उन्होंने प्रत्येक खिलाड़ी के साथ जो काम किया, हर खिलाड़ी का ध्यान रखा और उसके प्रदर्शन पर नजर रखी, वह शानदार है।''

फिरकी पर नाचा इंग्लैंड का बैजबाल क्रिकेट
मैच और सीरीज भारत के नाम

धर्मशाला, 9 मार्च। अपने टेस्ट करियर के 100वें मैच में रविचंद्रन अश्विन (51 रन पर चार विकेट और 77 रन पर पांच विकेट) के यादगार प्रदर्शन के अलावा कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ने पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हरा कर पांच मैचों की श्रृखंला को 4-1 से अपने नाम कर लिया। भारत इसी के साथ न्यूजीलैंड को पछाड़ कर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पहली पायदान पर पहुंच गया है।

हिमालय की खूबसूरत वादियों में घिरे धर्मशाला के मैदान पर इंग्लैंड ने पहली पारी में 218 रन बनाये थे जिसके जवाब में भारत ने कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतक की मदद से अपनी पहली पारी में 477 रन बना कर 259 रन की महत्वपूर्ण लीड हासिल की और दूसरी पारी में इंग्लैंड की पारी को 195 रनों पर समेट कर मैच के साथ साथ श्रखंला जीत ली।

इस मैच में अश्विन और कुलदीप की गेंदों का जादू इंग्लैंड के बैजबाल क्रिकेट पर सर चढ़ कर बोला। अश्विन ने इंग्लैंड की पहली पारी में चार विकेट चटकाये थे जबकि दूसरी पारी में पांच विकेट लेकर अपने सौंवें टेस्ट को यादगार बना दिया। सौंवें टेस्ट में नौ विकेट लेने वाले वह दुनिया के पहले गेंदबाज बन गये है। इससे पहले श्रीलंका ने अपने 100वें टेस्ट में आठ विकेट झटके थे।

दूसरे छोर पर उन्हे कुलदीप का भरपूर साथ मिला। पहली पारी में पांच विकेट झटकने वाले कुलदीप ने दूसरी पारी में 40 रन देकर दो विकेट निकाले। उन्हे प्लेयर आफ द मैच के सम्मान से नवाजा गया। इसके अलावा तेज गेंदबाजों के लिये बेअसर पिच पर जान फूंकते हुये जसप्रीत बुमराह ने एक ही ओवर में दो विकेट निकाल कर मैच को ढाई दिन के भीतर पैक अप करने के संकेत दे दिये थे।

जो रुट (84) ने एक छोर पर टिक कर खेलते हुये जबरदस्त संघर्ष किया मगर दूसरे छोर पर उन्हे साथी बल्लेबाजों का अपेक्षित साथ नहीं मिला। जॉनी ब्रेस्टो (39) के अलावा टॉम हार्टले (20) और शोएब बशीर (13) ने विकेट पर टिकने की चाहत दिखायी मगर बेदर्द भारतीय गेंदबाजों के आगे उनकी यह तमन्ना पूरी नहीं हुयी और कुलदीप की गेंद पर रुट के बुमराह द्वारा लपकने के साथ इंग्लैंड की दूसरी पारी का पुलिंदा 49वें ओवर में ही बंध गया। इससे पहले इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भारत के दो पुछल्ले विकेट जल्दी निकाल कर भारत की पारी का समापन शुरुआती आधे घंटे के खेल में कर दिया। कुलदीप यादव (30) जेम्स एंडरसन के टेस्ट करियर का सौंवा शिकार बने जबकि जसप्रीत बुमराह (20) को शोएब बशीर ने स्टांप आउट कराया।

जेम्स एंडरसन ने पूरे किये 700 टेस्ट विकेट

धर्मशाला, 9 मार्च। जेम्स एंडरसन ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला के पांचवें और अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार की सुबह धर्मशाला में भारत के कुलदीप यादव को आउट कर अपना 700 विकेट पूरे किये। तेज गेंदबाज ने टेस्ट में 698 विकेट से शुरुआत की और 699 पर पहुंच गए जब उन्होंने शतकवीर शुभमन गिल को खूबसूरत रिवर्स स्विंग के साथ बोल्ड किया। उन्हें अपने मील के पत्थर के क्षण के लिए धैर्यपूर्वक इंतजार करना पड़ा, जब दूसरे दिन के शेष समय में स्पिनरों का दबदबा रहा। अगले दिन, उन्होंने 30 रन पर विकेट के पीछे कैच आउट होकर कुलदीप को आउट करके अपना 700वां विकेट हासिल किया। उनका पहला टेस्ट विकेट 2003 में जिम्बाब्वे के खिलाफ लॉर्ड्स में आया था जहां उन्होंने पांच विकेट लेकर अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की थी। 41 साल की उम्र में एकमात्र तेज गेंदबाज के रूप में 700 के क्लब में प्रवेश करने के लिए एंडरसन को 184 और टेस्ट खेलने पड़े। अपने लगभग 21 साल लंबे करियर में एंडरसन ने अपने और दूसरों के बीच दूरी बनाए रखना जारी रखा है। नाथन लियोन, वर्तमान में 517 विकेटों के साथ, सक्रिय खिलाड़ियों में दूसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

चोट के कारण तीसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे रोहित शर्मा

धर्मशाला, 9 मार्च। पीठ में अकड़न के कारण कप्तान रोहित शर्मा धर्मशाला टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को मैदान पर नहीं उतरे। उनकी गैरमौजूदगी में उपकप्तान जसप्रित बुमरा ने कप्तानी की कमान संभाली है। भारत को श्रृंखला के दौरान अपने शीर्ष खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलीं। बुमराह को रांची टेस्ट में ब्रेक दिया गया था और रजत पाटीदार को धर्मशाला टेस्ट के लिए टखने में दर्द हुआ था। रवींद्र जडेजा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे और रविचंद्रन अश्विन को पारिवारिक आपात स्थिति में भाग लेने के लिए राजकोट टेस्ट के दौरान घर लौटना पड़ा। मोहम्मद शमी और विराट कोहली ने सीरीज के सभी मैच नहीं खेले हैं। शमी अपने टखने की चोट के कारण और विराट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए। क्वाड्रिसेप टेंडन की चोट के कारण केएल राहुल हैदराबाद टेस्ट को छोड़कर सभी मैच नहीं खेल पाए, जो भारत हार गया था।

समय आ गया है कि श्रेयस अय्यर और ईशान किशन सच्चाई बताएं

नई दिल्ली, 9 मार्च। बीसीसीआई ने 2023-24 के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट जारी किया था तो उस समय से लेकर अब तक ये चर्चाओं का विषय बना हुआ है, क्योंकि विकेटकीपर ईशान किशन और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को इसमें शामिल नहीं किया गया। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि इन दोनों खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी से दूरी बनाई थी। हालांकि, श्रेयस अय्यर ने बाद में रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल के लिए खुद को उपलब्ध बताया था, लेकिन वे क्वॉर्टर फाइनल में नहीं खेले थे। वहीं, ईशान किशन ने अपने संघ को ये तक नहीं बताया कि वे सेलेक्शन के लिए उपलब्ध हैं या नहीं। इस पर अब पूर्व क्रिकेटर रोबिन उथप्पा का बयान सामने आया है।

अश्विन ने गुरु कुंबले को पीछे छोड़ा

धर्मशाला, 9 मार्च। भारतीय गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने शनिवार को धर्मशाला के मैदान पर अपने सौवें टेस्ट मैच में नौ विकेट लेकर इस मुकाम पर यह कारनामा करने वाला दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। इसके अलावा उन्होने एक पारी में पांच विकेट लेने के मामले में अपने आदर्श अनिल कुबंले को भी पीछे छोड़ दिया।

अश्विन की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैड को पारी और 64 रन से हरा दिया। अश्विन के टेस्ट करियर का यह 100वां टेस्ट था जिसमें उन्होने पहली पारी में चार विकेट और दूसरी पारी में पांच विकेट लिये।

उनके टेस्ट करियर का यह 36वां मौका था जब उन्होने एक पारी में पांच या उससे अधिक विकेट लिये है। इससे पहले पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले यह कारनामा 35 बार दोहरा चुके हैं।

रविचंद्रन अश्विन इसके अलावा 100वें टेस्ट में फाइव विकेट हॉल लेने वाले भी चौथे गेंदबाज हैं। उनसे पहले मुथैया मुरलीधरन, अनिल कुंबले और शेन वॉर्न ने ही ऐसा किया था। अगर कुल विकेटों की भी बात करें तो धर्मशाला टेस्ट की दूसरी पारी में पांच विकेट लेकर अश्विन के 516 टेस्ट विकेट हो गए हैं।

अश्विन ने मैच के बाद कहा मैं बहुत खुश हूं, मैं कैसा महसूस कर रहा हूं, इसके बारे में बता नहीं सकता। बहुत कुछ हुआ, 100वें टेस्ट के बारे में बहुत सारी बातें हुईं। अभिभूत हूं, टेस्ट जीतो और विकेट लो, एक गेंदबाज को अपने जीवन में इससे ज्यादा और क्या चाहिये। श्रृंखला के दौरान मैने अलग अलग एक्शन, गति से गेंदबाजी करने की कोशिश की और सफलता भी मिली।

नुवान तुषारा की हैट्रिक से थर्राई बांग्लादेश टीम
श्रीलंका ने टी-20 सीरीज पर किया कब्जा

नई दिल्ली, 9 मार्च। श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने शनिवार को तीसरे टी20 में बांग्लदेश के परखच्चे उड़ा दिए। उन्होंने पंजा खोला। तुषारा ने चार ओवर के स्पेल में 20 रन देकर 5 विकेट चटकाए। उन्होंने एक ओवर मेडल डाला। 29 वर्षीय तुषारा ने इस दौरान हैट्रिक ली। उन्होंने चौथे ओवर में की दूसरी गेंद पर कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (1) और दूसरी गेंद पर तौहीद हृदयोय (0) को बोल्ड किया। उन्होंने अगले गेंद पर महमुदुल्लाह (0) को एलबीडब्ल्यू आउट किया और हैट्रिक कंप्लीट की। यह तुषारा के स्पेल का पहला ओवर था। तुषारा ने एक धाकड़ क्लब में एंट्री कर ली है। वह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में श्रीलंका के लिए हैट्रिक लेने वाले पांचवें गेंद बन गए हैं। उनसे पहले यह कारनमा लसिथ मलिंगा, थिसारा परेरा, वनिंदु हसरंगा और अकीला धनंजया ने अंजाम दे चुके हैं। परेरा टी20 फॉर्मेट में हैट्रिक लेने वाले पहले श्रीलंकाई बॉलर थे। उन्होंने भारत के विरुद्ध हैट्रिक ली थी। बता दें कि तुषारा का बॉलिंग एक्शन पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज मलिंगा की तरह है। वह आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस (एमआई) के लिए खेलेंगे। एमआई ने नीलामी में तुषारा को 4.8 करोड़ रुपये में खरीदा था।

भारतीय टेस्ट टीम के लिए सचिव जय शाह ने किया बड़ा ऐलान, खिलाड़ियों को मिलेंगे इंसेंटिव

नई दिल्ली, 9 मार्च। टीम इंडिया ने जैसे ही इंग्लैंड को पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 4-1 से हराया, वैसे ही भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक बड़ाऐलान भारत की टेस्ट टीम के लिए कर दिया। बीसीसीआई सचिव ने बताया है कि अब टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को मैच फीस के अतिरिक्त भी पैसा मिलेगा। एक इंसेंटिव स्कीम की घोषणा जय शाह ने की है, जिसे टेस्ट क्रिकेट इंसेंटिव स्कीम नाम दिया गया है। ये फैसला ऐतिहासिक है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक्स पोस्ट में लिखा, ''मुझे भारत की मेंस टेस्ट टीम के खिलाड़ियों लिए टेस्ट क्रिकेट इंसेंटिव स्कीम की शुरुआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जिसका उद्देश्य हमारे सम्मानित एथलीटों को वित्तीय विकास और स्थिरता प्रदान करना है। 2022-23 सीजन से शुरू होकर टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना टेस्ट मैचों के लिए 15 लाख रुपये की मौजूदा मैच फीस के ऊपर एक अतिरिक्त इनाम संरचना के रूप में काम करेगी।''

पैरा निशानेबाज मोना अग्रवाल ने 10 मीटर एयर राइफल स्वर्ण, पेरिस पैरालम्पिक का कोटा जीता

नई दिल्ली, 9 मार्च। मोना अग्रवाल ने डब्ल्यूएसपीएस पैरा निशानेबाजी विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक के साथ पेरिस पैरालम्पिक का कोटा हासिल कर लिया। मोना का यह चौथा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था। वहीं 2020 तोक्यो पैरालम्पिक की स्वर्ण पदक विजेता अवनि लेखरा ने कांस्य पदक जीता। भारत की मोना अग्रवाल ने डब्ल्यूएसपीएस पैरा निशानेबाजी विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक के साथ पेरिस पैरालम्पिक का कोटा हासिल कर लिया। मोना का यह चौथा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था। वहीं 2020 तोक्यो पैरालम्पिक की स्वर्ण पदक विजेता अवनि लेखरा ने कांस्य पदक जीता। 37 वर्ष की मोना ने दिसंबर 2021 से ही निशानेबाजी शुरू की।

सिंधु फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में हारी, सात्विक और चिराग सेमीफाइनल में पहुंचे

पेरिस, 9 मार्च। भारत की शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को फ्रेंच ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल के क्वार्टरफाइनल के करीबी मुकाबले में चीन की ओलंपिक चैंपियन चेन यूफेई से हार का सामना करना पड़ा है। वहीं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी जोड़ी युगल मुकाबले के सेमीफाइनल में पहुंच गई है।

सिंधु ने पहला गेम 24-22 से जीता। अगले दो गेम में उन्हें 17-21 और 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही वह टूर्नामेंट से बाहर हो गई। चेन युफेई ने सेमीफाइनल में पहुंच गई और उन्हें झांग यिमान और अकाने यामागुची के बीच विजेता से उनका मुकाबला होगा। 28 वर्षीय सिंधु ने शुक्रवार को अपना मैच हारने के बाद कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात मानसिक और शारीरिक रूप से शत प्रतिशत रहना और चोट-मुक्त रहना है।

उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि मैंने वापसी की और अच्छा प्रदर्शन कर रही हूं और मुझे लगता है कि कुल मिलाकर टूर्नामेंट मेरे लिए अच्छा रहा। उन्होंने कहा कि मैं वास्तव में ओलंपिक के दौरान यहां फिर से खेलने के लिए उत्सुक हूं।

इस बीच, पुरुष युगल मुकाबले में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर 1 भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के 32वीं रैंकिंग वाले सुपाक जोमकोह और किटिनुपोंग केड्रेन पर 21-19, 21-13 से जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सात्विक और चिराग सेमीफाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन कोरिया गणराज्य के कांग मिन ह्युक और सेओ सेउंग जे की जोड़ी से मुकाबला करेंगे।

राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य सेन दिन के आखिर में सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू के खिलाफ पुरुष एकल वर्ग में मुकाबले करेंगे।

मोहम्मद हुसानुद्दीन को मिली निराशा

नई दिल्ली, 9 मार्च। भारत के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन की चोट से उबरने के बाद वापसी निराशाजनक रही और वह यहां पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 57 किग्रा भार वर्ग में आयरलैंड के जूड गैलाघेर से 0-4 से हार गए। हुसामुद्दीन को पहले दौर में बाइ मिली थी। वह विश्व चैंपियनशिप 2023 के क्वार्टर फाइनल के दौरान बायें घुटने में लगी चोट के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। हुसामुद्दीन को लय हासिल करने में समय लगा और उन्होंने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन गैलाघेर को बढ़त हासिल करने का मौका दिया।

हॉकी महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का उद्घाटन मैच छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच

पुणे, 9 मार्च। पुणे में 13 मार्च में शुरु होने वाली 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में गत चैंपियंस हॉकी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच उदघाटन मुकाबला खेला जायेगा।

मध्य प्रदेश इस चैंपियनशिप में पिछले सीज़न के अपने प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी,तो कई उभरते खिलाड़ियों को अनुभवी भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलना का मौका मिलेगा। जहां वरिष्ठ खिलाड़ी अपने खेल के समय का सर्वोत्तम उपयोग करना चाहेंगे, वहीं युवा खिलाड़ी अपने खेल के समय का सर्वोत्तम उपयोग करना चाहेंगे।

मौजूदा चैंपियन हॉकी मध्य प्रदेश को टूर्नामेंट में हॉकी बिहार और छत्तीसगढ़ हॉकी के साथ पूल ए में रखा गया है। क्वार्टर फाइनल के लिए आठ पूलों में से प्रत्येक से एक टीम के क्वालीफाई करने के साथ, हॉकी मध्य प्रदेश शुरू से ही अपने खेल में शीर्ष पर रहना चाहेगा। पूल ए

का टॉपर पूल एच के टॉपर से खेलेगा जिसमें हॉकी बंगाल, हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी गुजरात और तेलंगाना हॉकी शामिल हैं। हॉकी मध्य प्रदेश 14 मार्च को ग्रुप चरण का अपना दूसरा और अंतिम मैच हॉकी बिहार के खिलाफ खेलेगी। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 के बारे में बोलते हुए, मौजूदा चैंपियंस हॉकी मध्य प्रदेश की कोच वंदना उइके ने कहा, पिछला सीज़न शानदार था।

दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र झाझरिया निर्विरोध पीसीआई अध्यक्ष चुने गये

नई दिल्ली, 9 मार्च। पैरालंपिक में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले देवेंद्र झाझरिया शनिवार को निर्विरोध भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष चुने गये। वह एक और मशहूर पैरा एथलीट दीपा मलिक की जगह लेंगे। 2004 एथेंस और 2016 रियो पैरालंपिक में एफ 46 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतने वाले 42 वर्षीय झाझरिया इस शीर्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे। बल्कि सभी नये पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए।

पीसीआई के चुनाव अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, दो संयुक्त सचिव और पांच कार्यकारी समिति सदस्यों के पदों के लिए हुए। शुरू में आठ उम्मीदवारों ने पांच कार्यकारी समिति सदस्यों के पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, लेकिन बाद में उनमें से तीन ने नाम वापस ले लिया। यह औपचारिकताओं को पूरा करना था और निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने झाझरिया के नेतृत्व में सभी नये पदाधिकारियों को चुनाव प्रमाण पत्र सौंपे।

गोवा के अंतरराष्ट्रीय कोच और रेफरी जयवंत हम्मनवर को निर्विरोध महासचिव चुना गया। आर चन्द्रशेखर और सत्य प्रकाश सांगवान दो उपाध्यक्ष होंगे जबकि सुनील प्रधान कोषाध्यक्ष पद के लिए अकेले उम्मीदवार थे। ललित ठाकुर और टी दिवाकर दो संयुक्त सचिव हैं। समय पर चुनाव नहीं कराने के बाद पिछले महीने खेल मंत्रालय ने पीसीआई को निलंबित कर दिया था। लेकिन पांच मार्च को पीसीआई द्वारा चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के बाद मंत्रालय ने निलंबन रद्द कर दिया।

राजस्थान के झाझड़िया ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में रजत पदक भी जीता। उन्होंने 2013 में विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण और 2015 में रजत (दोनों एफ 46 में) और साथ ही 2014 में एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीता। वह पैरा खिलाड़ियों में एकमात्र पद्म भूषण पुरस्कार विजेता (2022) हैं, इसके अलावा वह भारत के लिए दो पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पैरा एथलीट हैं। उन्हें 2017 में खेल रत्न से सम्मानित किया गया था जिससे पहले उन्हें अर्जुन पुरस्कार (2004) और पद्म श्री (2012) भी मिला था।

2024 खेलों इंडिया अंतर जोनल महिला खो-खो लीग के दूसरे दिन के मुकाबले आज खेले गए

जयपुर, 9 मार्च। चौगन 9 मार्च 2024 खेलो इण्डिया अन्तर जोनल महिला खो-खो लीग के दूसरे दिन के मुकाबले आज खेले गए। दूसरे दिन के प्रात:कालीन सत्र का पहला मुकाबला सब-जूनियर वर्ग में महाराष्ट्र/दिल्ली के मध्य खेला गया जिसमें महाराष्ट्र ने दिल्ली को 15 अंक और एक पारी से हराया एवं दूसरा मुकाबला हरियाणा/कोल्हापुर के मध्य खेला गया जिसमें कोल्हापुर ने हरियाणा को चार अंकों से हराया।

जूनियर वर्ग में पहला मैच महाराष्ट्र/तमिलनाडू के मध्य खेला गया जिसमें महाराष्ट्र ने तमिलनाडू को 35 अंकों सेहराया एवं दूसरा मैच हरियाणा/दिल्ली के मध्य खेला गया जिसमें हरियाणा को 17 अंकों से हराया। सांय कालीन सत्र में सब-जूनियर वर्ग में खेले गए मुकाबले इस प्रकार है महाराष्ट्र/कोल्हापुर के मध्य खेला गया जिसमें महाराष्ट्र ने कोल्हापुर 4 अंक और 1 पारी से हराया एवं दूसरा मुकाबला राजस्थान/तमिलनाडू के मध्य खेला गया जिसमें राजस्थान ने तमिलनाडू 19 अंक और 1 पारी से हराया। जूनियर वर्ग में खेले गए मुकाबले इस प्रकार है महाराष्ट्र/हरियाणा के मध्य खेला गया जिसमें महाराष्ट्र ने हरियाणा को 2 अंक और 1 पारी से हराया एवं दूसरा मैच राजस्थान/छत्तीसगढ़ के मध्य खेला गया जिसमें राजस्थान ने छत्तीसगढ 30 अंक और 1 पारी से हराया।

क्वार्टर फाईनल मुकाबलों में खिलाडियों से परिचय प्राप्त करने आर्शिवाद देने हेतु मुख्य अतिथि के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय खो-खो संघ के चेयरमेन बृज हल्दानिया एवं इंग्लैण्ड खो-खो फेडरेशन के सचिव कुनाल रस्तोगी, डॉ. इल्लोइस फ्रांस एवं सुरेश मिश्रा (अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष) ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय हॉस्पिटिल के अधीक्षक श्री आलोक तिवाडी एवं उपाधीक्षक अरविंद कुमार गुप्ता ने खिलाडियों को आर्शिवाद दिया साथ ही विजेता टीम के खिलाडियों को 11 हजार रूपये कि नगद पुरस्कार कि घोषणा की। कल दिनांक 10.03.2024 को प्रात: 9.30 बजे सब-जूनियर वर्ग में महाराष्ट्र बनाम राजस्थान के मध्य एवं जूनियर वर्ग में महाराष्ट्र बनाम राजस्थान के मध्य फाइनल मैच खेला जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा उपसभापति महोदय एवं स्थानीय विधायक बालमुकन्दाचार्य समापन समारोह में विजेता उपविजेता उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान करेगें।

एनसीएए ट्रैक स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने परवेज खान

नई दिल्ली, 9 मार्च। परवेज खान शनिवार को अमेरिका की एनसीएए चैम्पियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय एथलीट बने। एनसीसीए दुनिया की सबसे प्रतिस्पर्धी कॉलेज प्रतियोगिता है जिसमें परवेज खान ने बोस्टन में पुरुष वर्ग की एक मील की स्पर्धा के फाइनल में जगह बनायी।

राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता परवेज खान शनिवार को अमेरिका की एनसीएए चैम्पियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय एथलीट बने। एनसीसीए दुनिया की सबसे प्रतिस्पर्धी कॉलेज प्रतियोगिता है जिसमें परवेज खान ने बोस्टन में पुरुष वर्ग की एक मील की स्पर्धा के



फाइनल में जगह बनायी। परवेज खान ने तीन मिनट 57.126 सेकेंड के समय से एक मील की शुरूआती रेस में तीसरे स्थान पर रहकर एनसीएए इंडोर ट्रैक एवं फील्ड चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। यह 19 साल का भारतीय फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व कर रहा था जिन्हें पिछले साल वहा कॉलेज स्कॉलरशिप मिली थी। खान ने गांधीनगर में तीन मिनट 40.89 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से 2022 राष्ट्रीय खेलों में 1500 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था।

एक मील स्पर्धा हालांकि भारतीय खिलाड़ियों में इतनी लोकप्रिय नहीं है जो ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप कार्यक्रम में भी शामिल नहीं है। तीन भारतीय तेजस्विन शंकर (2018 और 2022 में ऊंची कूद), मोहिंदर सिंह गिल (त्रिकूद) और विकास गौड़ा (2006 में चक्का फेंक में) सभी एनसीएए चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। खान ने 2019 में अंडर-16 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 800 मीटर का स्वर्ण पदक जीतने के बाद अगले साल खेलो इंडिया युवा खेलों (अंडर-18) में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।2021 में राष्ट्रीय ओपन चैम्पियनशिप में उन्होंने अपनी पहली सीनियर रेस 1500 मीटर में जीती थी। उन्होंने 2022 में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 1500 मीटर स्पर्धा में रजत और इसी साल राष्ट्रीय ओपन में इसी दूरी में स्वर्ण पदक जीता था।

राजस्थान सरकार

कार्यालय अधिशाषी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
राजकीय जनाना चिकित्सालय परिसर, मोरी चार बाग-भरतपुर 321001

eemhbharatpur@gmail.com
ee-mh-bharatpur@gov.in
Mob. 9602097030

क्रमांक- M&H/2023-24/223 **निविदा सूचना संख्या-16/2023-24** दिनांक- 01.03.2024

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत विभिन्न कार्य जिला भरतपुर/करौली/ में रू. 130.85 लाख के निर्माण कार्य हेतु राजस्थान सरकार के समकक्ष उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में सिविल एवं विद्युत कार्यों हेतु पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.Org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN NO.-
Internal Electrification work in CHC Rondhai-District Karauli NIB code MHS2324A3486 and UBN is:MHS2324WSOB05320
Internal Electrification work in PHC Gunesra-District Karauli UBN IS: MHS2324WSOB05321
Internal Electrification work in PHC Moroli Kalan-District Bharatur UBN IS: MHS2324WSOB05324
Internal Electrification work in PHC Milakur-District Bharatpur UBN IS: MHS2324WSOB05325
Internal Electrification work in BPHU Kaman-District Deeg UBN IS: MHS2324WSOB05326
Internal Electrification work in BPHU Poonchhari-District Deeg UBN IS: MHS2324WSOB05327
Solar Power Plant at HC Daulatpura Distt. Karauli UBN IS: MHS2324WSOB05328

(एल.के.अग्रवाल) अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर

DIPR/C/2522/2024

Email: eebadi.dho.phed@rajasthan.gov.in, eephedbari@yahoo.com

Office of the Executive Engineer PHED Division Bari

No. 810-17 Date: 07.02.2024

NOTICE INVITING BID NO. 62-67/2023-24

Online bids for NIT No. 62-67/2023-24 (6 works), costing 460.00 Lacs are invited on behalf of the Governor of Rajasthan from eligible enlisted in appropriate class contractor of PHED, Rajasthan and meeting eligibility criteria, Details of Bid notification and pre-qualification criteria can be seen on web site http://sppp.raj.nic.in and https://eproc.rajasthan.gov.in. Bids are to be submitted online in electronic format on web site https://eproc.rajasthan.gov.in from 07.03.2024 to 18.03.2024 at 6.00 PM and bids are to be opened at 12.00 pm on 19.03.2024 in presence of willing bidders/there authorize representative.

NIB: PHE2324A6253
UBN- PHE2324WSRC15067, PHE2324WSRC15072, PHE2324WSRC15073, PHE2324WSRC15075, PHE2324WSRC15077, PHE2324WSRC15079

Jai Narayan Chetiwal
Executive Engineer
PHED Division Bari

DIPR/C/2630/2024

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर खण्ड 3, जयपुर

क्रमांक-10321 **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 98/2023-24** दिनांक-07.03.2024

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए पीडब्ल्यूफ एण्ड ए.आर. पार्ट ।। अपेण्डिक्स 16 दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय समय पर पंजीयन नियमों सम्बन्धी वित्त विभाग द्वारा जारी आदि दिनांक संशोधित परिपत्रों के अनुरूप इस विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाइट www.dipronline.org., http://eproc.rajasthan.gov.in/ & www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तारीख	08.03.2024 (शुक्रवार) प्रात 9.30 बजे से 12.03.2024 (मंगलवार) तक सायं 6.00 बजे तक
निविदा जमा कराने की तारीख	08.03.2024 (शुक्रवार) प्रात 9.30 बजे से 12.03.2024 (मंगलवार) तक सायं 6.00 बजे तक
निविदा खोलने की तारीख	13.03.2024 (बुधवार) को प्रात 11.00 बजे

NIT S.No.	UBN No.
1	PWD2324WSOB21603
2	PWD2324WSOB21605

(सुमित तिवारी) अधिशाषी अभियन्ता सानिवि नगर खण्ड तृतीय, जयपुर

DIPR/C/2517/2024

राजस्थान सरकार

कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर

स्वास्थ्य भवन, त्यागी वाटिका, जेल वैल, बीकानेर, फोन-0151-2201142, email-eemhbikaner@ymail.com

क्रमांक-EE/M&H/BKN/2023-24/3960 दिनांक-29.02.2024

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या-33/2023-24

निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला बीकानेर एवं श्री गंगानगर में कुल रू. 134.00 लाख के 02 विद्युत कार्यो हेतु निविदा में बताये अनुसार श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष उपर्युक्त विद्युत श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे/एमईएस इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त विद्युत श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाइट www.dironline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN- 1- NRH2324WSOB02489, 2-NRH2324WSOB02490

अधिशाषी अभियन्ता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर

DIPR/C/2497/2024